सौरमण्डल

1. **तारों के विभिन्न समूहों के द्वारा बनाई गई विविध आकृतियाँ क्या कहलाती है?**
   (a) आकाश गंगा
   (b) सौरमंडल
   (c) एंट्रोमीडा
   (d) नक्षत्रमंडल
2. **अंतरिक्ष से संबंधित अर्सा मेजर या बिग बीयर का संबंध किससे है?**
   (a) सौरमंडल
   (b) नक्षत्रमंडल
   (c) क्षुद्र ग्रह समूह
   (d) इनमें से कोई नहीं
3. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**
   1.पृथ्वी एक ग्रह है तथा यह अपना संपूर्ण प्रकाश एवं ऊष्मा सूर्य से प्राप्त करती है।
   2. पृथ्वी सूर्य से दूरी के हिसाब से चौथा ग्रह तथा आकार में तीसरा बड़ा ग्रह है।
   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2
4. **सूर्य से बढ़ती हुई दूरी के आधार पर ग्रहों का सही क्रम चुनिये:**
   (a) बुध- मंगल-शुक्र-पृथ्वी
   (b) शुक्र-मंगल-पृथ्वी-बुध
   (c) बुध-शुक्र-मंगल-पृथ्वी
   (d) बुध-शुक्र-पृथ्वी-मंगल
5. **नीचे दिए गए ग्रहों में से कौन-से आंतरिक ग्रह हैं?**
   1. बुध   **2. शुक्र**
   3. मंगल   **4. बृहस्पति**
   कूट:-
   (a) 1, 2 एवं 4
   (b) 1, 2 एवं 3
   (c) 2, 3 एवं 4
   (d) उपर्युक्त सभी
6. **नीचे दिए गए कथन एवं कारण पर विचार कीजिये:**
   कथन (A): बुध का सूर्य के चारों ओर परिक्रमण काल सौरमंडल के सभी ग्रहों में सबसे कम है।
   कारण (R): बुध सूर्य के सबसे नजदीक का ग्रह है।
   (a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
   (b) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
   (c) A सही है, R गलत है।
   (d) A गलत है, R सही है।
7. **सौरमंडल में किन दो ग्रहों के बीच क्षुद्र ग्रह पट्टी पाई जाती है?**
   (a) बुध और शुक्र
   (b) शुक्र और पृथ्वी
   (c) पृथ्वी और मंगल
   (d) मंगल और बृहस्पति
8. **नीचे दिये गए कथन एवं कारण पर विचार कीजिये:**
   कथन (A): पृथ्वी के आकार को भूआभ भी कहा जाता है।
   कारण (R): पृथ्वी ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है।
   कूट:-
   (a) A एवं R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
   (b) A एवं R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
   (c) A सही है, R गलत है।
   (d) A गलत है, R सही है।
9. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
   1. अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी हरे रंग की दिखाई देती है।
   2.पृथ्वी का हरा रंग हमें यहाँ के वनों के कारण दिखाई देता है।
   कूट:-
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2
10. **नीचे दिए गए ग्रहों में से कौन-से बाह्य ग्रह हैं?**
   1. बृहस्पति   **2. नेप्च्यून (वरुण)**
   3. शनि   **4. यूरेनस (अरुण)**
   कूट:-

UTKARSH CLASSES उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) 1, 2 एवं 3
(b) 2, 3 एवं 4
(c) 1, 3 एवं 4
(d) उपर्युक्त सभी

11. हमारे सौर मण्डल में सूर्य से सबसे दूर कौन - सा ग्रह अवस्थित है?
(a) यूरेनस (अरुण)
(b) नेप्च्यून (वरुण)
(c) शनि
(d) बृहस्पति

12. किन खगोलीय पिंडों को ग्रह कहा जाता है?
(a) जो आकार में बहुत बड़े हो।
(b) जिनके पास अपनी ऊष्मा तथा प्रकाश होता है।
(c) जिनके पास अपनी ऊष्मा एवं प्रकाश नहीं होता एवं जो तारों के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं।
(d) जिनका अपना गुरुत्वाकर्षण बल होता है।

उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213